"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 39 ] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 25 सितम्बर 2015—आश्विन 3, शक 1937

विषय—सूची



# भाग १

## राज्य शासन के आदेश

### सामान्य प्रशासन विभाग
### मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2015

क्रमांक ई-1-03/2015/एक/2.—राज्य शासन द्वारा श्री रणबीर शर्मा, भा.प्र.से. (सी.जी. : 2012) अवर सचिव, मंत्रालय को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अवर सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है.



संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

नया रायपुर, दिनांक 10 सितम्बर 2015

क्रमांक ई-1-03/2015/एक/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री अविनाश चंपावत, भा.प्र.से. (2003), संचालक, उद्यानिकी को उनके वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदेन संयुक्त सचिव, कृषि विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

नया रायपुर, दिनांक 10 सितम्बर 2015

क्रमांक ई-1-03/2015/एक/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री समीर विश्नोई, भा.प्र.से. (2009), प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड को उनके वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदेन उप सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**विवेक ढाँड,** मुख्य सचिव.

---

नया रायपुर, दिनांक 9 सितम्बर 2015

क्रमांक एफ 4-2/2014/एक (1).—राज्य शासन एतद्द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री इंदर सिंह उबोवेजा, न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर को दिनांक 28 जुलाई, 2015 से 31 जुलाई, 2015 (04 दिन) का पूर्ण वेतन भत्तों सहित Commuted Leave एवं अवकाश पश्चात् (शनिवार एवं रविवार छुट्टी) का सार्वजनिक अवकाश का लाभ लेने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**के. के. बाजपेयी,** संयुक्त सचिव.

---

## चिकित्सा शिक्षा विभाग
### मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 6 अगस्त 2015

क्रमांक एफ 21-10/2008/नौ/55.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग अलिपिक वर्गीय (संचालनालय चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित) तृतीय श्रेणी सेवा में भर्ती तथा सेवा की शर्तों के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात.—

### नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.—**
   (1) ये नियम छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग अलिपिक वर्गीय (संचालनालय चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित) तृतीय श्रेणी सेवा भर्ती नियम, 2015 कहलायेंगे.

   (2) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं.**—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—
   (क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है अनुसूची-एक के कॉलम (7) में यथा विनिर्दिष्ट प्राधिकारी;

   (ख) "विभागीय पदोन्नति समिति" से अभिप्रेत है अनुसूची-चार के कॉलम (5) में विनिर्दिष्ट समिति;

   (ग) "परीक्षा" से अभिप्रेत है नियम 11 के अधीन भर्ती के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा;

(घ) "शासन" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ शासन;

(ङ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ के राज्यपाल;

(च) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ-8-5-पच्चीस-4-84, दिनांक 26-12-1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(छ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(ज) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(झ) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

(ञ) "चयन समिति" से अभिप्रेत है अनुसूची-तीन के कॉलम (6) में विनिर्दिष्ट समिति;

(ट) "सेवा" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग अलिपिक वर्गीय (संचालनालय चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित) तृतीय श्रेणी सेवा;

(ठ) "राज्य" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ राज्य.

3. **विस्तार तथा लागू होना.**—छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे.

4. **सेवा का गठन.**—सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात्.—

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय, अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूलत: या स्थानापन्न हैसियत से धारण कर रहे हों;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किए गये हों; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किए गये हों.

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि.**—सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या और उससे संलग्न वेतनमान, अनुसूची-एक में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होंगे:

परन्तु शासन, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या तथा वेतनमान में, समय-समय पर, या तो स्थायी या अस्थायी आधार पर, वृद्धि या कमी कर सकेगा.

6. **भर्ती का तरीका.**—

(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात् :—

(क) प्रतियोगिता परीक्षा/चयन के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा;

(ख) सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को मूल/स्थानापन्न हैसियत में धारण करते हों, जैसा कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाये.

(2) उप-नियम (1) के खण्ड (क), (ख) या (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची-एक में यथा विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के, अनुसूची-दो में दर्शाये गये प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी.

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरे जाने के लिए अपेक्षित, सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को, भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनायी जाने वाली भर्ती का तरीका या तरीके तथा ऐसे प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा, शासन के परामर्श से, अवधारित की जाएगी.

(4) उप-नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती के उन तरीकों को छोड़, जिनको उक्त उप-नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है, ऐसे तरीके अपना सकेगा, जिसे वह इस निमित्त जारी किए गये आदेश द्वारा विहित करे.

(5) मेरिट के आधार पर चयन के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए, मापदंड शासन द्वारा तैयार किये जायेंगे. तथापि, नियुक्ति प्राधिकारी के लिये यह आवश्यक होगा कि इस प्रयोजन के लिये एक चयन समिति गठित करे, जो इन मापदंडों से भिन्न कोई अन्य युक्तिसंगत मापदंड शासन की सहमति से अपना सकेगी.

(6) सेवा में भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र.21 सन् 1994) के प्रावधान तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश (यथा संशोधित) लागू होंगे.

7. **सेवा में नियुक्ति.**—इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं.

8. **सीधी भर्ती हेतु पात्रता की शर्तें.**—सीधी भर्ती/चयन हेतु पात्र होने के लिए, अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात् :—

(एक) **आयु :—**

(क) वर्ष, जिसमें पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित होता है, की जनवरी के प्रथम दिन को अभ्यर्थी ने अनुसूची-तीन के कॉलम (3) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो;

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूची जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर-क्रीमी-लेयर) का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में भी, जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हों अथवा रह चुके हों, नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए उच्चतर आयु सीमा शिथिलनीय होगी :—

(एक) ऐसे अभ्यर्थी, जो स्थायी या अस्थायी शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये;

(दो) ऐसे अभ्यर्थी, जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए. यह रियायत, आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी;

(तीन) ऐसा अभ्यर्थी, जो "छंटनी किया गया शासकीय सेवक" हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गयी संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिकतम 7 (सात) वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह एक से अधिक बार की गयी सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

**स्पष्टीकरण**—शब्द "छंटनी किये गये शासकीय सेवक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की या किन्हीं संघटक इकाइयों की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छः माह की

कालावधि तक निरंतर रहा हो और जिसे किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(ङ) ऐसा अभ्यर्थी, जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

**स्पष्टीकरण**—शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम 6 माह की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो तथा जिसे किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के परिणामस्वरूप अथवा स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छंटनी किया गया हो अथवा जिसे अधिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया हो, अर्थात् :—

(एक) ऐसे भूतपूर्वक सैनिक, जिन्हें समय पूर्व सेवानिवृत्ति रियायतों के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(दो) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा नामांकित किया गया हो, और जिन्हें—

(क) अल्पकालीन वचनबंध अवधि पूर्ण हो जाने पर;

(ख) नामांकन की शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो;

(तीन) मद्रास सिविल यूनिट के भूतपूर्व कार्मिक;

(चार) ऐसे भूतपूर्व सैनिक (सैनिक तथा असैनिक) जिन्हें उनकी संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किया गया हो, (जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल हैं);

(पांच) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छ: माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(छ:) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया हो;

(सात) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे अब दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं है;

(आठ) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो.

(च) अस्पृश्यता निवारण नियम, 1984 के अधीन अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(छ) शहीद राजीव पांडे सम्मान, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों के संबंध में भी उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ज) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मण्डल के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा 38 वर्ष की आयु तक शिथिलनीय होगी.

(झ) स्वयंसेवी नगर सैनिकों तथा नगर सेना के नॉन-कमीशंड अधिकारियों के मामले में,उनके द्वारा इस प्रकार पूर्व में की गई नगर सेना सेवा की कालावधि के लिये, उच्चतर आयु सीमा में, 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए, छूट दी जायेगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनीं चाहिए.

(ञ) अभ्यर्थी, जिन्हें उनके संवर्ग (अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/महिला/विधवा/तलाकशुदा इत्यादि) के आधार पर अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अभिप्राप्त है, को अधिकतम आयु सीमा में उपलब्ध अतिरिक्त छूट यथावत मिलती रहेगी, किन्तु उपरोक्त उल्लिखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गों के अधीन छूट का लाभ प्राप्त करने के उपरांत भी अधिकतम आयु, किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

(ट) उपरोक्त के अतिरिक्त आयु सीमा के संबंध में, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे.

**टीप—**

(1) ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें उपरोक्त नियम 8 के खण्ड (घ) के उप-खण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन परीक्षा/चयन में प्रवेश दिया गया हो, यदि वे आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात्, या तो परीक्षा/चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे देते हैं, तो वे नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होंगे. तथापि, यदि आवेदन पत्र भेजने के पश्चात् सेवा या पद से उनकी छंटनी कर दी जाती हो, तो वे पात्र बने रहेंगे.

(2) किसी भी अन्य मामले में आयु सीमाएं शिथिल नहीं की जायेंगी. विभागीय अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन हेतु उपस्थित होने के लिए, नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति अभिप्राप्त करनी होगी.

(दो) **शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभव.**—अभ्यर्थी के पास सेवा के लिये विहित ऐसी शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभव होनी चाहिए, जैसा कि अनुसूची-तीन में दर्शित है.

(तीन) **शुल्क—**

(क) अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित शुल्क का भुगतान करना होगा.

(ख) ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें चिकित्सा मण्डल के समक्ष उपस्थित होने के लिये निर्देशित किया गया हो, को स्वास्थ्य परीक्षा होने के पूर्व चिकित्सा मण्डल के अध्यक्ष को शासन द्वारा यथा विहित शुल्क का भुगतान करना होगा.

9. **निरर्हता.—**

(1) अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर, किसी भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा/चयन हेतु उपस्थित होने के लिये निरर्हित माना जा सकेगा.

(2) कोई भी पुरुष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी, जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो, जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी:

परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो शासन, ऐसे अभ्यर्थियों को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा.

(3) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जैसी कि विहित की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष, जो किसी सेवा या पद के कर्त्तव्य की पूर्ति में बाधा डाल सकता हो, से मुक्त घोषित न कर दिया जाये :

परन्तु आपवादिक मामलों में, अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन अस्थायी नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह स्वास्थ्य परीक्षा में चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की सकेगी.

(4) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी सम्यक् जांच, जैसी कि आवश्यक समझे, के पश्चात्, यह समाधान हो जाये कि वह, ऐसी सेवा या पद के लिए उपयुक्त नहीं है.

(5) कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो, तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा जब तक कि उस आपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाए.

(6) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा.

(7) कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नहीं होगा:

परन्तु कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद के लिये निरर्हित नहीं होगा.

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के बारे में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.—**

(1) परीक्षा/चयन हेतु किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में, नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा और कोई भी अभ्यर्थी, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रवेश प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जायेगा.

(2) चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा शासन को चयन सूची भेजने के पश्चात् भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है, तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जायेगी.

11. **प्रतियोगी परीक्षा/चयन/साक्षात्कार द्वारा सीधी भर्ती.—**

(1) **प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती :—**

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी एक चयन समिति गठित करेगा, जिसमें पांच सदस्य सम्मिलित होंगे.

(दो) सेवा में भर्ती के लिये प्रतियोगी परीक्षा ऐसे अंतरालों पर आयोजित की जायेगी, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी, शासन के परामर्श से, समय-समय पर अवधारित करे.

(तीन) परीक्षा, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार चयन समिति के माध्यम से आयोजित की जायेगी.

(2) **चयन द्वारा सीधी भर्ती :—**

(एक) सेवा के लिये अभ्यर्थियों का चयन, ऐसे अन्तरालों पर किया जायेगा, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित किया जाये.

(दो) अभ्यर्थियों का चयन, साक्षात्कार के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जायेगा.

(तीन) चयन समिति, समुचित समय अन्तरालों पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित की जायेगी.

(3) सेवा में भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के उपबंध तथा इस अधिनियम के अधीन शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश लागू होंगे.

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, ऐसे अभ्यर्थी, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, की नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जायेगा, जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो.

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर-क्रीमी-लेयर) से संबंधित उन अभ्यर्थियों, जिन्हें उनकी प्रशासनिक दक्षता को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के लिये पात्र घोषित किया गया हो,उप-नियम (3) के अनुसार, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर-क्रीमी-लेयर) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा.

(6) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, 30% पदों को महिला अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखा जायेगा. यह आरक्षण, समस्तर एवं प्रभागवार होगा.

(7) ऐसे मामलों में, जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिये कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और नियुक्ति प्राधिकारी की राय में यह पाया जाये कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर-क्रीमी-लेयर) से संबंधित अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो नियुक्ति प्राधिकारी, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर-क्रीमी-लेयर) के अभ्यर्थियों के संबंध में अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा.

(8) उपरोक्त के अतिरिक्त, नि:शक्त व्यक्तियों तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिये पदों को, शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार, आरक्षित रखा जायेगा.

12. **समिति द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची.—**

(1) समिति, उन चयनित अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में व्यवस्थित एक सूची, जो ऐसे स्तर से अर्हित हो, जैसा कि चयन समिति द्वारा अवधारित किया जाये तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर-क्रीमी-लेयर) से संबंधित उन अभ्यर्थियों की एक सूची, जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं है, किन्तु प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिए समिति द्वारा उपयुक्त घोषित किये गये हों, तैयार करेगी तथा नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगी.

(2) उप-नियम (1) के अधीन इस प्रकार तैयार की गई सूची, सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भी प्रकाशित की जायेगी.

(3) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये उसी क्रम में विचार किया जायेगा, जिस क्रम में उनके नाम सूची में आये हों.

(4) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति के लिये कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि अभ्यर्थी, सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है.

13. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.—**

(1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए, एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें अनुसूची-चार में उल्लिखित सदस्य सम्मिलित होंगे :

परन्तु इस उप-नियम के अधीन, समिति के गठन के लिए, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंध भी लागू होंगे.

(2) समिति की बैठक ऐसे अन्तरालों में होगी, जो साधारणत: एक वर्ष से अधिक की न हो.

(3) पदोन्नति, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अनुसार की जायेगी.

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति प्रदान करने हेतु प्रक्रिया, उप-नियम (3) तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगी.

(5) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुप्रमाणन-नियुक्ति प्राधिकारी, अपने द्वारा जारी किये जाने वाले प्रत्येक पदोन्नति आदेश पर, इस आशय के प्रमाणपत्र का पृष्ठांकन करेगा कि उसने छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों तथा उक्त अधिनियमों तथा नियमों के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों तथा बनाये गये नियमों का पालन कर लिया है तथा उसने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उप-धारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान लिया है.

14. **पदोन्नति के लिये पात्रता संबंधी शर्तें.—**

(1) उप-नियम (2) के प्रावधानों के अध्यधीन रहते हुए, समिति उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को, उन पदों में, जिनसे पदोन्नति की जानी है अथवा शासन द्वारा उसके समतुल्य घोषित किन्हीं अन्य पद या पदों पर (चाहे मूल रूप में या स्थानापन्न रूप में), उतने वर्षों की सेवा, जैसा कि अनुसूची-चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट है, पूर्ण कर ली हो तथा उप-नियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण क्षेत्र के भीतर आते हों.

**स्पष्टीकरण**—पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति—संबंधित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना, उस कैलेण्डर वर्ष से की जाएगी, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया हो और संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं.

(2) पदोन्नति, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के नियम 4 के अनुसार की जायेगी.

(3) सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेश तथा मॉडल रोस्टर के अनुसार पदोन्नति की जायेगी.

15. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना.—**

(1) समिति, ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो उपर्युक्त नियम 14 में विहित शर्तों को पूरी करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिये उपयुक्त समझा गया हो. यह सूची, सूची के तैयार किये जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी.

(2) चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में और तृतीय श्रेणी के भीतर पदोन्नति के लिये व्यक्तियों की चयन सूची तैयार किये जाने हेतु मापदण्ड, वरिष्ठता सह उपयुक्तता होगी.

(3) उपयुक्त अधिकारियों की सूची, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार तैयार की जायेगी.

(4) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के अनुसार चयन सूची की तैयारी के समय सूची में सम्मिलित कर्मचारियों के नाम, अनुसूची-चार के कॉलम (2) में यथा विनिर्दिष्ट सेवा या पदों में वरिष्ठता के क्रम में रखे जायेंगे.

**स्पष्टीकरण**—व्यक्ति जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित है, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया किया गया हो, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर जिन पर पश्चातवर्ती चयन में विचार किया गया है, वरिष्ठता का कोई दावा नहीं होगा.

16. **चयन सूची.—**

(1) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित की गई सूची, अनुसूची-चार के कॉलम (2) में उल्लिखित पदों से उक्त अनुसूची के कॉलम (3) में यथा उल्लिखित पदों पर, सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए अनुमोदित चयन सूची होगी.

(2) चयन सूची, सामान्यतया, कैलेण्डर वर्ष, जिसमें चयन सूची तैयार की जाती है, के 31 दिसम्बर तक विधिमान्य रहेगी :

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण एवं कर्त्तव्य के निर्वहन में गंभीर चूक होने की स्थिति में, नियुक्ति प्राधिकारी के कहने पर, चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और समिति, यदि उचित समझे, तो चयन सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगी.

17. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.—**

(1) चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियों में उसी क्रम का अनुपालन किया जायेगा, जिस क्रम में ऐसे कर्मचारियों के नाम, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों के अनुसार, चयन सूची में आये हों.

(2) साधारणत: उस व्यक्ति की, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित हो, सेवा में नियुक्ति के पूर्व समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा, जब तक कि चयन सूची में उसका नाम शामिल किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में ऐसी कोई गिरावट न आ जाये, जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, सेवा में नियुक्ति के लिये उसे अनुपयुक्त सिद्ध करता हो.

18. **परिवीक्षा.—**

(1) (क) सेवा में सीधे भर्ती किया गया प्रत्येक व्यक्ति, 2 वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा.

(ख) यदि कार्य असंतोषजनक पाया जाता है, तो परिवीक्षा की कालावधि में, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अधिकतम 1 वर्ष तक की कालावधि के लिये वृद्धि की जा सकेगी.

(ग) परिवीक्षा की कालावधि या बढ़ायी गई कालावधि के दौरान या परिवीक्षा की कालावधि के अंत में, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय हो कि कोई विशेष अभ्यर्थी, कर्मचारी बनने के योग्य नहीं है, तो ऐसे परिवीक्षाधीन की सेवायें समाप्त की जा सकेगी.

(2) सेवा में पदोन्नति द्वारा भर्ती किया गया प्रत्येक व्यक्ति, 2 वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा.

19. **निर्वचन.—** यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्‌भूत हो, तो उसे राज्य शासन को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका निर्णय अंतिम होगा.

20. **शिथिलीकरण.—** इन नियमों में दी गई किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा, कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिस पर ये नियम लागू होते हैं, ऐसी रीति से कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को, जो उसे न्याय संगत एवं उचित प्रतीत हो, सीमित या कम करती है :

परंतु, कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा जो इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो.

21. **निरसन एवं व्यावृत्ति.—**

(1) इन नियमों के तत्स्थानी और इन नियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं :

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन दिया गया कोई भी आदेश या की गई कार्यवाही, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्यवाही समझी जायेगी.

(2) इन नियमों में दी गई कोई भी बात, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये राज्य शासन द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी किये गये आदेशों के अनुसार दिये जाने वाले अपेक्षित आरक्षण तथा अन्य शर्तों को प्रभावित नहीं करेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा अदेशानुसार,<br>**एस. एल. रात्रे,** संयुक्त सचिव.

# अनुसूची—एक
**(नियम 5 देखिये)**

| स क्रं. | पदों के नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | ग्रेड वेतन | नियुक्ति प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | जूनियर इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल इंजीनियर | 6 | तृतीय श्रेणी | रू.9300—34800 | 4300 | अधिष्ठाता / प्राचार्य |
| 2. | टेक्निकल सुपरवाईजर ब्लड बैंक | 1 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4300 | —तदैव— |
| 3. | आर्थोटिस्ट / प्रोस्थेटिस्ट | 2 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4300 | —तदैव— |
| 4. | सेनेटरी सुपरिटेंडेंट | 1 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 5. | डायलिसिस सुपरवाईजर | 1 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 6. | सीनियर टेक्निशियन मैकेनिकल / इलेक्ट्रीकल / रेफ्रीजरेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स | 4 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 7. | स्टरलाईजेशन सुपरवाईजर | 1 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 8. | हेल्थ एजुकेटर | 1 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 9. | रिहेब्लीटेशन असिस्टेंट (मेडिकल कॉलेज रायपुर) (विजुअली इम्पायर्ड) | 1 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 10. | आडियोमेट्री टेक्नीशियन | 2 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 11. | डिप्टी लाइब्रेरियन / सहायक लायब्रेरियन | 4 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 12. | लाईब्रेरियन / स्टाफ (ई.एन.टी.) | 2 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2400 | —तदैव— |
| 13. | मेडिको सोशल वर्कर | 12 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 14. | साइको सोशल वर्कर | 4 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 15. | सोशल वर्कर / एम एस डब्ल्यू | 4 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 16. | क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट | 1 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 17. | काउंसलर | 1 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 18. | स्पीच थेरेपिस्ट | 3 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4200 | —तदैव— |
| 19. | बायोकेमिस्ट | 2 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 20. | अकुपेशनल थेरेपिस्ट | 4 | —तदैव— | रू.9300—34800 | 4300 | —तदैव— |
| 21. | बायोकेमिस्ट / डायलिसिस | 1 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 22. | सीनियर रेडियोग्राफर | 6 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 23. | आप्टोमेटिस्ट | 1 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 24. | टेक्निकल असिस्टेंट (स्टरलाइजेशन) | 13 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 25. | टेक्निशियन स्टरलाइजेशन | 4 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 26. | टेक्निकल असिस्टेंट | 18 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | तदैव |
| 27. | डेंटल मैकेनिक | 19 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 28. | लैब—टेक्निशियन | 110 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 29. | टेक्निशियन | 45 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |
| 30. | इयर माउल्ट टेक्निशियन (ई.एन.टी.) | 1 | —तदैव— | रू.5200—20200 | 2800 | —तदैव— |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31. | ऑडियोमेट्री टेक्निशियन (ई.एन.टी.) | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 32. | जूनियर टेक्निशियन | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 33. | टेक्निशियन प्लास्टर | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 34. | कैथ लैब टेक्निशियन | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 35. | आई.सी.यू. टेक्निशियन | 3 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 36. | ई.सी.जी. टेक्निशियन / ई.सी.जी. (पैरामेडिकल स्टाफ) | 16 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 37. | ओ.टी. टेक्निशियन | 13 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 38. | ब्लड बैंक टेक्निशियन | 11 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 39. | स्टरलाइजेशन टेक्निशियन | 7 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 40. | टेक्निशियन वर्कशाप | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 41. | डायलिसिस टेक्निशियन | 7 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 42. | रीहेबिलिटेशन टेक्निशियन (पुर्नवास सेवा) | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 43. | एक्स–रे टेक्निशियन | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 44. | हिस्टोपैथालॉजी टेक्निशियन / हिस्टोपैथालाजिस्ट | 8 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 45. | पैरामेडिकल स्टाफ | 22 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 46. | नान मेडिकल सुपरवाइजर | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 47. | लाण्ड्री सर्विस सुपरवाईजर | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 48. | आप्थलमोलॉजी असिस्टेंट | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 49. | मॉडलर | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 50. | आर्टिस्ट | 8 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 51. | केमिस्ट | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 52. | डेंटल हाईजिनिस्ट | 27 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 53. | परफ्यूजनिस्ट | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 54. | रिफ्रैक्शनिस्ट | 3 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 55. | ओ.टी. सुपरवाईजर | 4 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 56. | लैब सुपरवाईजर | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 57. | टी.बी.चेस्ट विजिटर / टी.बी.हेल्थ विजिटर | 4 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 58. | रेडियोग्राफर | 22 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 59. | डार्करूम असिस्टेंट | 15 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 60. | लैब असिस्टेंट | 62 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2800 | –तदैव– |
| 61. | असिस्टेंट रिहेबीलिटेशन (पुर्नवास सेवा) | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2200 | –तदैव– |
| 62. | मैश्यर महिला / पुरूष | 2 | –तदैव– | रू. 3350–5375 | – | –तदैव– |
| 63. | केटलॉगर | 4 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2200 | –तदैव– |
| 64. | लायब्रेरी सहायक | 4 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2200 | –तदैव– |
| 65. | प्रोजेक्शनिस्ट | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2200 | –तदैव– |
| 66. | हेल्थ असिस्टेंट | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 2200 | –तदैव– |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 67. | पुर्नव्यस्थापन सहायक (ई.एन.टी.) | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 68. | इलेक्ट्रीशियन | 6 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 69. | एक्स–रे असिस्टेंट | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 70. | कैथ लैब असिस्टेन्ट | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 71. | ओ.टी. असिस्टेन्ट | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 72. | ब्लड बैंक असिस्टेन्ट | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 73. | बिल्डिंग केयर टेकर | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 74. | कारपेंटर | 5 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 75. | प्लम्बर/मैकेनिकल/मेशन | 5 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 76. | वाहन चालक | 42 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 77. | ड्रेसर थियेटर | 42 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 78. | ग्लासब्लोवर | 1 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 79. | फोटोग्राफर | 3 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 80. | लोहार | 2 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |
| 81. | फार्मासिस्ट–2 | 33 | –तदैव– | रू.5200–20200 | 1900 | –तदैव– |

**टीपः**– सरल क्रमांक 62 का वेतनमान "मैश्यूर पुरूष/महिला" 5वें वेतन आयोग के अनुसार होगा।

# अनुसूची–दो
**(नियम 6 देखिये)**

| स. क्र. | पद का नाम | पदों की कुल संख्या | भरे जाने वाले कर्तव्य पदों की संख्या का प्रतिशत | | | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सीधी भर्ती द्वारा नियम 6(1) (क) देखिये | पदोन्नति द्वारा नियम 6(1) (ख) देखिये | स्थानांतरण द्वारा नियम 6(1) (ग) देखिये | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | जूनियर इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल इंजीनियर | 6 | 100 % | – | – | |
| 2. | टेक्निकल सुपरवाईजर ब्लड बैंक | 1 | – | 100 % | – | |
| 3. | आर्थोटिस्ट/प्रोस्थोटिस्ट | 2 | 100 % | – | – | |
| 4. | सेनेटरी सुपरिटेंडेंट | 1 | 100 % | – | – | |
| 5. | डायलिसिस सुपरवाईजर | 1 | – | 100 % | – | |
| 6. | सीनियर टेक्निशियन/मेकेनिकल/इलेक्ट्रीकल/रेफ्रिजरेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स | 4 | 50 % | 50 % | – | |
| 7. | स्टरलाईजेशन सुपरवाईजर | 1 | – | 100 % | – | |
| 8. | हेल्थ एजुकेटर | 1 | 100 % | – | – | |
| 9. | रिहेब्लीटेशन असिस्टेंट (मेडिकल कालेज रायपुर) (विजुअली इम्पायर्ड) | 1 | 100 % | – | – | |
| 10. | आडियोमेट्री टेक्नीशियन | 2 | 100 % | – | – | |
| 11. | डिप्टी लाइब्रेरियन/असिस्टेन्ट लाइब्रेरियन | 4 | 50 % | 50 % | – | |
| 12. | लाइब्रेरियन/स्टाफ (ई.एन.टी.) | 2 | 100 % | – | – | |
| 13. | मेडिको सोशल वर्कर | 12 | 100 % | – | – | |
| 14. | साइको सोशल वर्कर | 4 | 100 % | – | – | |
| 15. | सोशल वर्कर/एम.एस.डब्ल्यू. | 4 | 100 % | – | – | |
| 16. | क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट | 1 | 100 % | – | – | |
| 17. | काउंसलर | 1 | 100 % | – | – | |
| 18. | स्पीच थेरेपिस्ट | 3 | 100 % | – | – | |
| 19. | बायोकेमिस्ट | 2 | – | 100 % | – | |
| 20. | अकुपेशनल थेरेपिस्ट | 4 | 100 % | – | – | |
| 21. | बायोकेमिस्ट/डायलिसिस | 1 | – | 100 % | – | |
| 22. | सीनियर रेडियोग्राफर | 6 | – | 100 % | – | |
| 23. | आप्टोमेटिस्ट | 1 | 100 % | – | – | |
| 24. | टेक्निशियन असिस्टेंट (स्टरलाइजेशन) | 13 | 100 % | – | – | |
| 25. | टेक्निशियन स्टरलाइजेशन | 4 | 100 % | – | – | |
| 26. | टेक्निशियन असिस्टेंट | 18 | 100 % | – | – | |
| 27. | डेंटल मैकेनिक | 19 | 100 % | – | – | |
| 28. | लैब–टेक्निशियन | 110 | 80 % | 20 % | – | |
| 29. | टेक्निशियन | 45 | 80 % | 20 % | – | |
| 30. | इयर मोल्ड टेक्निशियन (ई.एन.टी.) | 1 | 100 % | – | – | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31. | ऑडियोमेट्री टेक्निशियन(ई.एन.टी.) | 2 | 100 % | – | – | |
| 32. | जूनियर टेक्निशियन | 2 | 100 % | – | – | |
| 33. | टेक्निशियन प्लास्टर | 2 | 50 % | 50 % | – | |
| 34. | कैथ लैब टेक्निशियन | 1 | 100 % | – | – | |
| 35. | आई.सी.यू. टेक्नीशियन | 3 | 100 % | – | – | |
| 36. | ई.सी.जी. टेक्नीशियन / ई जी सी (पैरामेडिकल स्टाफ) | 16 | 100 % | – | – | |
| 37. | ओ.टी.टेक्नीशियन | 13 | 100 % | – | – | |
| 38. | ब्लड बैंक टेक्नीशियन | 11 | 80 % | 20 % | – | |
| 39. | स्टरलाइजेशन टेक्नीशियन | 7 | 100 % | – | – | |
| 40. | टेक्नीशियन वर्कशाप | 2 | 100 % | – | – | |
| 41. | डायलिसिस टेक्नीशियन | 7 | 100 % | – | – | |
| 42. | रीहेबिलिटेशन टेक्नीशियन (पुनर्वास सेवा) | 2 | 100 % | – | – | |
| 43. | एक्स–रे टेक्नीशियन | 1 | 100 % | – | – | |
| 44. | हिस्टोपैथालॉजी टेक्निशियन / हिस्टोपैथालॉजिस्ट | 8 | 100 % | – | – | |
| 45. | पैरामेडिकल स्टाफ | 22 | 100 % | – | – | |
| 46. | नान मेडिकल सुपरवाइजर | 1 | 100 % | – | – | |
| 47. | लाण्ड्री सर्विस सुपरवाईजर | 1 | 100 % | – | – | |
| 48. | आप्थलमोलॉजी असिस्टेंट | 1 | 100 % | – | – | |
| 49. | मॉडलर | 2 | 100 % | – | – | |
| 50. | आर्टिस्ट | 8 | 100 % | – | – | |
| 51. | केमिस्ट | 2 | 100 % | – | – | |
| 52. | डेंटल हाईजिनिस्ट | 27 | 100 % | – | – | |
| 53. | परफ्यूजनिस्ट | 1 | 100 % | – | – | |
| 54. | रिफ्रैक्शनिस्ट | 3 | 100 % | – | – | |
| 55. | ओ.टी. सुपरवाईजर | 4 | 50 % | 50 % | – | |
| 56. | लैब सुपरवाईजर | 1 | 100 % | – | – | |
| 57. | टी.बी.चेस्ट विजिटर / टी.बी.हेल्थ विजिटर | 4 | 100 % | – | – | |
| 58. | रेडियोग्राफर | 22 | 80 % | 20 % | – | |
| 59. | डार्करूम असिस्टेंट | 15 | 100 % | – | – | |
| 60. | लैब असिस्टेंट | 62 | 100 % | – | – | |
| 61. | असिस्टेंट रिहेबीलिटेशन (पुनर्वास सेवा) | 2 | 100 % | – | – | |
| 62. | मैश्यर महिला / पुरूष | 2 | 100 % | – | – | |
| 63. | केटलॉगर | 4 | 100 % | – | – | |
| 64. | लायब्रेरी सहायक | 4 | 100 % | – | – | |
| 65. | प्रोजेक्शनिस्ट | 1 | 100 % | – | – | |
| 66. | हेल्थ असिस्टेंट | 1 | 100 % | – | – | |
| 67. | पुर्नव्यवस्थापन सहायक (ई.एन.टी.) | 1 | 100 % | – | – | |
| 68. | इलेक्ट्रीशियन | 6 | 100 % | – | – | |
| 69. | एक्सरे असिस्टेंट | 1 | 100 % | – | – | |
| 70. | कैथ लैब असिस्टेन्ट | 1 | 100 % | – | – | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 71. | ओ.टी. असिस्टेन्ट | 2 | 100 % | – | – | |
| 72. | ब्लड बैंक असिस्टेन्ट | 1 | 100 % | – | – | |
| 73. | बिल्डिंग केयर टेकर | 1 | 100 % | – | – | |
| 74. | कारपेंटर | 5 | 100 % | – | – | |
| 75. | प्लम्बर / मैकेनिकल / मेशन | 5 | 100 % | – | – | |
| 76. | वाहन चालक | 42 | 80 % | 20 % | – | |
| 77. | ड्रेसर थियेटर | 42 | 100 % | – | – | |
| 78. | ग्लासब्लोवर | 1 | 100 % | – | – | |
| 79. | फोटोग्राफर | 3 | 100 % | – | – | |
| 80. | लोहार | 2 | 100 % | – | – | |
| 81. | फार्मासिस्ट–2 | 33 | 100 % | – | – | |

# अनुसूची—तीन
**(नियम 8 देखिये)**

| स. क्र. | पद का नाम | न्यूनतम आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा | विहित शैक्षणिक अर्हतायें | चयन समिति |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | जूनियर इलेक्ट्रिकल/ मैकेनिकल इंजीनियर | 18 वर्ष | 35 वर्ष | 1. गणित, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल/ मैकेनिकल विषय में न्यूनतम 55% अंकों के साथ पॉलीटेक्निक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये। | 1.अधिष्ठाता/प्राचार्य **– अध्यक्ष**<br>2.संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक **– सदस्य**<br>3.अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग का सदस्य **– सदस्य**<br>4. विभाग के राजपत्रित अधिकारी का एक प्रतिनिधि– **सदस्य**<br>5. प्रशासनिक अधिकारी **–सदस्य–सचिव** |
| 2. | आर्थोटिस्ट/प्रोस्थोटिस्ट | –तदैव– | –तदैव– | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रोस्थोटिस्ट एवं आर्थोटिस्ट इंजीनियरिंग में दो वर्षीय डिप्लोमा। | –तदैव– |
| 3. | सेनेटरी सुपरिटेंडेंट | –तदैव– | –तदैव– | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सेनेटरी इंस्पेक्टर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त। | –तदैव– |
| 4. | सीनियर टेक्निशियन मेकेनिकल/इलेक्ट्रिकल /रेफ्रिजरेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स | –तदैव– | –तदैव– | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त आई.टी. आई से संबंधित विषय में प्रशिक्षण अथवा शासकीय संस्थान से संबंधित विषय में दो वर्ष का कार्यानुभव। | –तदैव– |
| 5. | हेल्थ एजुकेटर | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. स्वास्थ्य विभाग द्वारा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एम.पी.डब्ल्यू.) प्रशिक्षण प्राप्त। | –तदैव– |
| 6. | रिहेबिलीटेशन असिस्टेंट (मेडिकल कॉलेज रायपुर) (विजुअली इम्पायर्ड) | –तदैव– | –तदैव– | स्नातक सहित किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से दृष्टि बाधित पुनर्वास प्रशिक्षण/आप्थलमिक असिस्टेंट (पैरामेडिकल आप्थलमिक असिस्टेंट पाठ्यक्रम)। | –तदैव– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | आडियोमेट्री टेक्निशियन | –तदैव– | –तदैव– | डिप्लोमा इन हियरिंग लेंग्वेज एण्ड स्पीच/आडियोमेंट्री टेक्नीशियन कोर्स (बी एस एल पी)। | –तदैव– |
| 8. | उप ग्रंथपाल/सहायक ग्रंथपाल/ग्रंथपाल/स्टाफ (ई एन टी) | –तदैव– | –तदैव– | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ ग्रंथालय (लायब्रेरी) में स्नातक उपाधि। | –तदैव– |
| 9. | सोशल वर्कर/मेडिको सोशल वर्कर | –तदैव– | –तदैव– | समाजशास्त्र में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि एवं मेडिको सोशल वर्कर पाठ्यक्रम में डिप्लोमा या संबंधित विषय में एम. फिल। | –तदैव– |
| 10. | साइको सोशल वर्कर | –तदैव– | –तदैव– | मनोविज्ञान में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि एवं साइको सोशल वर्कर पाठ्यक्रम में डिप्लोमा या संबंधित विषय में एम. फिल। | –तदैव– |
| 11. | सोशल वर्कर | –तदैव– | –तदैव– | समाजशास्त्र में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि एवं सोशल वर्कर पाठ्यक्रम में डिप्लोमा या संबंधित विषय में एम.फिल। | –तदैव– |
| 12. | क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट | –तदैव– | –तदैव– | मनोविज्ञान में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। | –तदैव– |
| 13. | काउंसलर | –तदैव– | –तदैव– | समाजशास्त्र में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। | –तदैव– |
| 14. | स्पीच थेरेपिस्ट | –तदैव– | –तदैव– | ऑडियोलॉजी एवं स्पीच लेंग्वेज पैथोलॉजी (बीएसएलपी) में स्नातक। | –तदैव– |
| 15. | आकुपेशनल थेरेपिस्ट | –तदैव– | –तदैव– | आकुपेशनल थेरेपी में स्नातक अथवा 2 वर्ष के अनुभव के साथ डिप्लोमा (बीपीटी)। | –तदैव– |
| 16. | आप्टोमेट्रिस्ट | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. आप्टोमेट्रि तथा रेफ्रेक्शन में डिप्लोमा/आप्थलमिक असिस्टेंट उत्तीर्ण।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |
| 17. | टेक्निकल असिस्टेंट (स्टरलाइजेशन) | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ओ.टी. टेक्निशियन/एनेस्थीसिया प्रशिक्षण उत्तीर्ण।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18. | टेक्निशियन स्टरलाईजेशन | —तदैव— | —तदैव— | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ओ.टी. टेक्निशियन /एनेस्थीसिया प्रशिक्षण उत्तीर्ण<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | —तदैव— |
| 19. | टेक्निकल असिस्टेंट | —तदैव— | —तदैव— | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | —तदैव— |
| 20. | डेन्टल मैकेनिक | —तदैव— | —तदैव— | मान्यता प्राप्त संस्थान से डेन्टल मैकेनिक में डिप्लोमा। | —तदैव— |
| 21. | लैब टेक्निशियन | —तदैव— | —तदैव— | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | —तदैव— |
| 22. | टेक्निशियन | —तदैव— | —तदैव— | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | —तदैव— |
| 23. | इयर मोल्ड टेक्निशियन (ई एन टी) | —तदैव— | —तदैव— | मान्यता प्राप्त संस्थान से इयर मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा प्रमाणपत्र। | —तदैव— |
| 24. | ऑडियोमेट्री टेक्निशियन (ई एन टी) | —तदैव— | —तदैव— | हियरिंग, लैंग्वेज एवं स्पीच/ ऑडियोमेट्री टेक्नीशियन पाठ्यक्रम में डिप्लोमा। | —तदैव— |
| 25. | जूनियर टेक्निशियन | —तदैव— | —तदैव— | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. इलेक्ट्रिकल/ मेकेनिकल/ रेफ्रिजरेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स विषय में किसी मान्यता प्राप्त | —तदैव— |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संस्थान से आई.टी.आई प्रशिक्षण उत्तीर्ण। | |
| 26. | टेक्निशियन प्लास्टर | –तदैव– | –तदैव– | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से आर्थो एवं ड्रेसर टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |
| 27. | कैथ लैब टेक्निशियन | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से कैथ लैब टेक्निशियन अथवा ई.सी.जी. एवं आई.सी.सी.यू. एक वर्षीय टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |
| 28. | आई.सी.यू. टेक्निशियन | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ई.सी.जी. / आई.सी.सी.यू.टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |
| 29. | ई.सी.जी.टेक्निशियन | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ई.सी.जी. / आई.सी.सी.यू.टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत । | –तदैव– |
| 30. | ओ.टी. टेक्निशियन | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ओ.टी. / अनस्थेसिया टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 31. | ब्लड बैंक टेक्निशियन | —तदैव— | —तदैव— | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी /ब्लड बैंक टेक्निशियन एक वर्षीय कोर्स प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | —तदैव— |
| 32. | स्टरलाइजेशन टेक्निशियन | —तदैव— | —तदैव— | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से ओ.टी. /अनस्थेसिया टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | —तदैव— |
| 33. | टेक्निशियन वर्कशाप | —तदैव— | —तदैव— | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. संस्था से मैकेनिक/ इलेक्ट्रिक/फिटर ट्रेड का प्रमाणपत्र। | —तदैव— |
| 34. | डायलिसिस टेक्निशियन | —तदैव— | —तदैव— | 1 मान्यता प्राप्त संस्था से डायलिसिस टेक्नालॉजी में बी. एस.सी. या डायलिसिस टैक्नॉलाजी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम।<br>2. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | —तदैव— |
| 35. | रिहेबिलिटेशन टेक्निशियन (पुनर्वास सेवा) | —तदैव— | —तदैव— | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से आर्थो एवं ड्रेसर में डिप्लोमा /प्रमाणपत्र। | —तदैव— |
| 36. | एक्स—रे टेक्निशियन | —तदैव— | —तदैव— | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से एक्स—रे टेक्निशियन में डिप्लोमा /प्रमाणपत्र प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | —तदैव— |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 37. | हिस्टोपैथालॉजी टेक्निशियन / हिस्टोपैथालाजिस्ट | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम में डिप्लोमा / प्रमाणपत्र प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |
| 38. | पैरामेडिकल स्टाफ | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैरामेडिकल टेक्नीशियन पाठ्यक्रम में डिप्लोमा / सर्टिफिकेट प्रशिक्षित।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |
| 39. | नान मेडिकल सुपरवाइजर | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से लेप्रोसी टेक्नीशियन पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण उत्तीर्ण। | –तदैव– |
| 40. | लॉण्ड्री सर्विस सुपरवाईजर | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी शासकीय चिकित्सालय / होटल के लॉण्ड्री विभाग में अनुभव। | –तदैव– |
| 41. | आप्थलमोलॉजी असिस्टेंट | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा / 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. शासकीय संस्थान से पैरामेडिकल आप्थलमिक सहायक प्रशिक्षण उत्तीर्ण।<br>3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |
| 42. | मॉडलर | –तदैव– | –तदैव– | 1. ललित कला में जे.जे.कॉलेज ऑफ आर्ट से स्नातक उपाधि।<br>2. व्यावसायिक चित्रकारिता (फोटोग्राफी) में 1 वर्ष का अनुभव। | –तदैव– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 43. | आर्टिस्ट | –तदैव– | –तदैव– | 1. ललित कला में जे.जे.कॉलेज आफ आर्ट से स्नातक उपाधि। 2. व्यावसायिक चित्रकारिता (फोटोग्राफी) में 1 वर्ष का अनुभव। | –तदैव– |
| 44. | केमिस्ट | –तदैव– | –तदैव– | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण। 2. शासकीय संस्थान से फार्मेसी प्रशिक्षण में डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण। 3. राज्य फार्मेसी कौंसिल से पंजीकृत। | –तदैव– |
